


नवभारत
भोपाल, बुधवार 20 मई 2026


# नरवाई की चिंगारी से घर में लगी आग, 3 लाख का नुकसान

## 3 क्विंटल गेहूं, 60 पाइप, 2 पानी की मोटरें, 1 हजार फीट वायर राख





**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 19 मई. सांची विकासखंड के अंतर्गत भटियाटोला गांव के खेतों में लगी नरवाई की आग ने एक किसान को भारी नुकसान पहुंचा दिया है. नरवाई से उठी चिंगारी गणपत सिंह कीर निवासी बराईखास के भटियाटोला खेत में स्थित घर तक पहुंच गई, जिससे घर में रखा 3 क्विंटल गेहूं, 2 पानी की मोटरें, एक हजार फीट वायर, 200 फीट केबल, 60 सिंचाई के पाइप, 35 चिड़िया (कृषि उपकरण) सहित अन्य घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया.**

इस घटना में पीड़ित किसान गणपत कीर को लगभग तीन लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है. वो तो गनीमत रही कि कुछ कीमती सामान किसान ने बाहर निकाल लिया था. ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया. वहीं पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है.

### फिर खली फायर ब्रिगेड की कमी, आंदोलन की दी चेतावनी

ग्रामीणों ने बताया कि सांची फायर ब्रिगेड को मोबाइल पर आगजनी की सूचना दी. लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही काफी हद तक आग पर काबू पा लिया था. सांची से फायर ब्रिगेड आग बुझने के बाद मौके पर पहुंचती है. सलामतपुर, दीवानगंज, बेरखेड़ी चौराहे के स्थानीय रहवासी कई बार क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की मांग कर चुके हैं. गर्मी के दिनों में आगजनी की घटनाएं काफी बढ़ जाती हैं. और फायर ब्रिगेड की कमी के चलते समय रहते आग पर काबू नहीं हो पाता. क्योंकि फायर ब्रिगेड सांची या रायसेन से आती है. जिसमें काफी समय लग जाता है. फायर ब्रिगेड की मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है.

### इनका कहना है.

भटियाटोला गांव के खेत में एक किसान के घर में आग लगने से काफी नुकसान हो गया है. नुकसान का पटवारी ने पंचनामा बना लिया है. पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर.**

### रोक के बाद भी जला रहे नरवाई

17 मार्च जिले में जिला प्रशासन ने नरवाई जलाने पर रोक लगा दी थी, लेकिन इसके बाद भी नरवाई जलाने की घटनाएं जारी हैं. जनसामान्य के हित, सार्वजनिक सम्पत्ति, पर्यावरण एवं लोक व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मनोज उपाध्याय द्वारा सम्पूर्ण जिले में नरवाई में आग लगाने पर तत्काल प्रभाव से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 के तहत तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया था.

# जहां है मिलकर चलने की भावना, वहीं है सुख : शास्त्री

▶ बेगमगंज में कथा प्रारंभ



**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज , 19 मई. टीचर कॉलोनी में यजमान हरिदास दामोदर दास महेश्वरी के यहां श्रीमद् महापुराण कथा प्रारंभ हुई. इस अवसर पर कथा व्यास पं.कमलेश कृष्ण शास्त्री ने अपने प्रवचन में कहा कि जहां मिलकर चलने की भावना है, वहीं सुख है; और जहां केवल 'मैं' है, वहां संघर्ष ही संघर्ष है.**

उन्होंने कहा कि समन्वय ही सृष्टि का प्राण है. जहां एकता है, वहीं शक्ति है. जहां सामंजस्य है, वहीं सिद्धि है. उन्होंने कहा कि संसार के समस्त महान कार्य समन्वित प्रयासों से ही सिद्ध होते हैं. जब अनेक हृदय एक ध्येय के लिए समर्पित होते हैं, तब असंभव भी संभव बन जाता है. एकता, सहकार और परस्पर प्रेम वह दिव्य शक्ति है, जो जीवन को उन्नत, समाज को संगठित और राष्ट्र को समर्थ बनाती है. यही समन्वय जीवन-सिद्धि का मूल मंत्र है. समन्वय का अर्थ है-मिलकर चलना, मिलकर सोचना और मिलकर आगे बढ़ना. जीवन में सबसे बड़ी शक्ति अकेले होने में नहीं, बल्कि साथ होने में है. जब परिवार, समाज या राष्ट्र एक भावना से जुड़ जाता है, तब बड़ी से बड़ी कठिनाई भी सरल हो जाती है. उन्होंने कहा कि समाज के लोग भी जब एक-दूसरे के साथ तालमेल बनाकर चलते हैं, तभी सुख और शांति बनी रहती है. यदि हर कोई अपनी-अपनी हठ (जिद) पर अड़ा रहे, तो बिखराव आता है; लेकिन जहां समन्वय होता है, वहां प्रेम, सम्मान और उन्नति स्वतः आती है. एकता, समन्वय, सह-अस्तित्व और प्रेम-इन्हीं के आधार पर व्यक्ति, समाज और विश्व का कल्याण संभव है.

## एक नजर में



### बिजली कर्मचारियों पर अभद्रता का आरोप

**सिलवानी 19 मई.** क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार सुधीर शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर म.प्र. विद्युत कंपनी सिलवानी के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. ज्ञापन में आरोप लगाया कि 18 मई को शाम करीब 4:00 से 4:30 बजे के बीच पराग ढाबे, हेमराज चौधरी, गुलाब सिंह भवेदी, अमन चौरसिया, सोहेल मंसूरी, इकबाल खां, गौरव अग्रवाल सहित 3-4 अन्य कर्मचारी जबरन घरों में घुस गए. उस समय घर में पुरुष सदस्य मौजूद नहीं थे. महिलाओं द्वारा रोकने के बावजूद कर्मचारियों ने गाली-गलौच करते हुए मीटर उखाड़ लिए और बिजली आपूर्ति बंद कर दी. विरोध करने पर धक्का-मुक्की करने के भी आरोप लगाए गए हैं. ज्ञापन में मांग की गई है कि संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए तथा जिन घरों के मीटर हटाए गए हैं, उन्हें पुन: स्थापित कराया जाए. इस दौरान सफीक काजी, शमीम, नफीस, साहब उद्दीन, आरिफ, शावर, इसरत, अनस, आयाज, नगमा, खालिद आदि मौजूद रहे.

### पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर दिया एसपी को ज्ञापन

**रायसेन, 19 मई.** रायसेन जिले के देवरी थाना क्षेत्र में कथित अवैध गतिविधियों और पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. क्षेत्रीय पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को कार्यालय पहुंचकर थाना प्रभारी जयदीप भदोरिया के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में आरोप लगाया कि देवरी क्षेत्र में जुआ, सट्टा, गांजा, नशीले पाउडर और अवैध उत्खनन चल रहा है. अपराधी तत्व के लोगों को कथित संरक्षण दिए जाने की चर्चाएं आम हैं. ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि इन गतिविधियों को उजागर करने वाले पत्रकारों को डराने-धमकाने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती है. पत्रकारों ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी को लगभग 3 वर्ष होने वाले हैं. ज्ञापन में कहा गया कि पुलिस की इस कार्यप्रणाली से आम जनता का कानून व्यवस्था से भरोसा कमजोर पड़ रहा है और क्षेत्र में असुरक्षा का वातावरण बनता जा रहा है. पत्रकारों ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर दोष सिद्ध होने पर थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित करने की मांग की है.



### नदी सफाई के लिए किया श्रमदान

**सिलवानी, 19 मई.** जल गंगा संवर्धन अभियान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर चन्दन पिपरिया की नवांकुर संस्था ग्राम पटना विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा ग्राम रहमा में जल चौपाल का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक वीरेन्द्र यादव ने बताया कि अभियान के तहत जल स्रोतों के संरक्षण, साफ-सफाई एवं गहरी करण का कार्य सामुदायिक सहभागिता से किया जाएगा.जल चौपाल के बाद ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों द्वारा नदी के गहरी करण एवं साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया गया. इस दौरान जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया. कार्यक्रम में नवांकुर संस्था ग्राम पटना विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी, सचिव प्रेमनारायण कुशवाहा, प्रस्फुटन समिति रहमा के अध्यक्ष रेवती प्रसाद लोधी, सचिव श्रीराम कुशवाहा, समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी

# पार्षदों ने भरे सड़क के गड्ढे

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज , 19 मई. नगर पालिका द्वारा जलावर्धन योजना -2 के लिए सभी 18 वार्डों में पक्की सड़कों एवं गलियों को खोदकर पाइप लाइन बिछाई गई थी. दो वर्ष होने के बाद भी अधिकांश स्थानों पर उपरोक्त सड़कों एवं गलियों की मरम्मत संबंधित ठेकेदार द्वारा नहीं करने के कारण लोग दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो रहे है. इस पर पार्षदों ने खुद गड्ढे भरे.**

कई बार संबंधित वार्डों के पार्षदों एवं रहवासियों द्वारा नपाध्यक्ष संदीप लोधी एवं सीएमओ से निवेदन किए जाने के बाद भी



क्षतिग्रस्त सड़कों एवं गलियों की मरम्मत नहीं होने से लोगों में आक्रोश है.आखिरकार पार्षद जफर शाह एवं शाकिर मंसूरी द्वारा स्वंय सड़क के गड्ढे भरना शुरू दिए गए है.इस संबंध में मुख्य नगरपालिकाधिकारी राजेन्द्र शर्मा का कहना है कि ठेकेदार से मरम्मत कराई जा रही है.



## 30 कुपोषित बच्चों को वितरित की फूड किट

**सलामतपुर, 19 मई.** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषण मुक्ति अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत ढकना चपना पंचायत परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी द्वारा 30 कुपोषित बच्चों को फूड किट वितरित की गई. इस पहल का उद्देश्य बच्चों को पोषण सहायता उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है.

# बिना बताए घर से लापता हुआ युवक

▶ परिजन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर 19 मई. थाना क्षेत्र अंतर्गत युवक-युवतियों के घर से लापता होने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. ऐसा ही एक मामला भोई कॉलोनी गांव से सामने आया है, जहां एक 20 वर्षीय युवक छोटेलाल रैकवार दोपहर 4 बजे घर से बिना बताए लापता हो गया. छोटेलाल के परिजन काफी घबराए हुए थाने पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी दी.**

प्रधान आरक्षक मंगलेश मालवीय ने बताया कि नारायण



रैकवार का बेटा छोटेलाल रैकवार घर से बिना बताए लापता हो गया. परिजनों ने बताया कि सभी परिवार के सदस्य दिन में खाना खाने के बाद आराम कर रहे थे. दोपहर 4 बजे के लगभग नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उसका सबसे छोटा बेटा छोटेलाल बिस्तर पर नही है. परिजनों ने तत्काल छोटेलाल की तलाश शुरू की तो मोहल्ले में और रिश्तेदारों के यहां भी पता किया तो उसका कहीं कुछ पता नही चल सका. परिजनों ने सलामतपुर थाने में पूरे मामले की जानकारी देकर गुम इंसान का मामला दर्ज कराया है. छोटेलाल छह भाई बहनों में सबसे छोटा होने के कारण घर में सबका लाडला था. वहीं छोटेलाल ने कक्षा दसवीं तक पढ़ाई करने के बाद टाइल्स लगाने का काम करता था. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि आसपास क्षेत्र के थानों में युवक का फोटो भेजकर जानकारी जुटाई जा रही है. और गुम इंसान दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.उसे जल्द ही खोज लिया जाएगा.

## कृषि रथ से किसानों को दी जानकारी

**बेगमगंज , 19 मई.** मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाए जाने के अंतर्गत किसानों को कृषि रथ के माध्यम से खरीफ फसलों की बुवाई से पूर्व आवश्यक तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है. मंगलवार को रथ ग्राम पंचायत चंदोरिया, कोहनियां, विनायकपुर, गेहूंरास पहुंचा. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डीके नायक ने ई विकास प्रणाली से ई टोकन जेनरेट कर उर्वरक लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी. उद्यान विभाग अधिकारी देवकी मरकाम, उमाशंकर कुशवाहा द्वारा सब्जी क्षेत्र के विस्तार नवीन बगीचा स्थापना की जानकारी दी गई.

# सलामतपुर में आज बंद रहेंगे मेडिकल स्टोर्स

▶ नायब तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 19 मई.** सांची मेडिकल एसोसिएशन (सांची सलामतपुर दीवानगंज बेरखेड़ी) द्वारा सांची नायब तहसीलदार ललित सक्सेना को ज्ञापन देकर बुधवार को मेडिकल स्टोर्स बंद रखने की जानकारी दी. इस अवसर पर जिला केमिस्ट एसोसिएशन सदस्य सांची मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कपूर एवं सतेंद्र सोनी सहित सांची मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष नितिन जाट



एवं अन्य सदस्य अजय जाट, सचिन राजपूत, अनुज अग्रवाल, जुबैर खान, योगेंद्र रघुवंशी एवं अन्य केमिस्ट साथी उपस्थित रहे. गौरतलब है कि केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन ने अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग की. एसोसिएशन का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकारों के समक्ष लंबे समय से दवा व्यापार से जुड़े कई गंभीर मुद्दे उठाए जा रहे हैं. इन समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है, जिससे छोटे और मध्यम दवा विक्रेताओं का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है.एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाना शामिल है.

# चड़ार समाज अध्ययन केंद्र व पुस्तकालय का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज , 19 मई. अखिल भारतीय सर्व चड़ार चिड़ार समाज सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलाराम अठ्या ने ग्राम तुलसीपार में चड़ार समाज अध्ययन केंद्र एवं पुस्तकालय' का शुभारंभ किया.अध्यक्षता संगठन के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष गयाप्रसाद चड़ार ने की.**

राष्ट्रीय अध्यक्ष अठ्या ने कहा कि नशा मुक्त शिक्षायुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से गांव-गांव लाइब्रेरी एवं 'हर घर पुस्तक' अभियान प्रारंभ किया गया है. उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम है और



पुस्तकालय ज्ञान के मंदिर होते हैं,

उन्होंने बताया कि 5 जून 1983 को इसी ग्राम तुलसीपार में समाज के संगठन की आधारशिला रखी गई थी. इस पुस्तकालय के लिए 8000 हजार रुपए मूल्य की 75 पुस्तकें उनके द्वारा दान की गई हैं यह अध्ययन केंद्र एवं पुस्तकालय संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय सचिव भगवत सिंह अठ्या के निवास पर संचालित किया जाएगा. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वृंदावन अठ्या ने समाज में शिक्षा पर बल दिया.

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव माधव सिंह लोधी, रोजगार सहायक कमल सिंह कुशवाहा, सीताराम चड़ार, गयाप्रसाद चड़ार, अजुद्दी प्रसाद चड़ार, हरगोविंद चड़ार, संतोष चड़ार, दुर्गा प्रसाद अठ्या, सुनील, अरविन्द, रामसेवक, सौरभ, रमाशंकर चड़ार, माधौ सिंह यादव, रामनरेश यादव, रामपाल यादव, गोलू यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे. साथ ही छात्र-छात्राओं में याचना कुमारी, मुस्कान, माही, रितिका, आरवी, अरनव, अंश,अभिलाषा, हर्ष, रितिक, यश्विनी, चेतन, चिराग, मोक्ष, सिवांश, ईशान, वैशाली, अमृता, जितेंद्र चडार, आशा, आदित्य, दीक्षा सहित अनेक विद्यार्थियों ने सहभागिता की .अंत में आभार प्रदर्शन भगवत सिंह अठ्या द्वारा किया गया.

# गुंदरई में अतिकुपोषित बच्चों को बांटी फूड किट

**सिलवानी, 19 मई.** महिला एवं बाल विकास विभाग सिलवानी द्वारा ग्राम गुंदरई स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में अतिकुपोषित श्रेणी के 20 बच्चों के लिए विशेष फूड किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम एलटी फाउंडेशन द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत संचालित सुपोषित रायसेन अभियान के तहत संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि



के रूप में पूर्व जनपद अध्यक्ष शीला बाई बाबू पटेल उपस्थित रहीं. वहीं विभाग की प्रभारी अविदा बी, पर्यवेक्षक सुरक्षा विश्वकर्मा, संदीप रघुवंशी भी मौजूद रहीं. मुख्य अतिथि शीला बाई ने एलटी फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की.

## आदतन अपराधी 6 माह के लिए जिलाबदर

**रायसेन, 19 मई.** जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत विभिन्न अपराधों में आरोपी राहुल बेदी पिता रतन सिंह बेदी निवासी ग्राम पठारी थाना कोतवालीको 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से निष्कासित कर दिया है.

**पारा गर्म** ▶ सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे से घर में रहने को मजबूर हैं लोग

# गर्मी में दोपहर को थमा जनजीवन, तेंदूपत्ता बना आजीविका का सहारा

**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी, 19 मई. नगर सहित ग्रामीण अंचलों में इन दिनों भीषण गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है. सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हैं.**

दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है, वहीं शाम ढलते ही सूर्य की तपिश कम होते ही लोगों का आवागमन तेजी से बढ़ने लगता है. लोग आवश्यक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकलते हैं और बाजारों में फिर से चहल-पहल दिखाई देने लगती है. गर्मी से राहत पाने के



लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों, फलों एवं अन्य शीतल वस्तुओं का अधिक उपयोग कर रहे हैं. वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मजदूर वर्ग के लोग इस मौसम में मजदूरी की अपेक्षा तेंदूपत्ता तोड़ने के कार्य को प्राथमिकता दे रहे हैं. जंगलों में इन दिनों तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों को रोजगार और आय का प्रमुख साधन मिल रहा है.

### सुबह 4 बजे जंगल जाते हैं तेंदूपत्ता तोड़ने

ग्राम क्षेत्र के कल्याण सिंह, रश्मि एवं भूरी बाई ने बताया कि वे लोग सुबह 4 बजे जल्दी उठकर जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए निकल जाते हैं और सुबह 10 बजे तक वापस घर लौट आते हैं. इसके बाद दोपहर की भीषण गर्मी में घरों में रहकर तेंदूपत्तों की गड्डियों का संधारण एवं बांधने का कार्य करते हैं. ग्रामीणों ने बताया कि जंगलों में उपलब्ध वन औषधियां भी उनके रोजगार का महत्वपूर्ण साधन बन रही हैं. कई लोग जंगलों से जड़ी-बूटियां एवं अन्य वन उत्पाद एकत्र करबाजारों में बेच रहे है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है.भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपने परिश्रम और संसाधनों के माध्यम से जीवन यापन कर रहे है.स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी का प्रभाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है. प्रशासन द्वारा भी लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी जा रही.

# 9 साल के बेटे को 9 घंटे में ढूंढकर पिता से मिलाया

▶ पुलिस बनी मददगार

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 19 मई. सोमवार देर रात 12 बजे घर से लापता हुए 9 साल के मूरत सिंह जाटव को सलामतपुर पुलिस ने 9 घंटे के अंदर ही ढूंढकर उसके परिजनों से मिलवाया है. बच्चे को ढूंढने में थाने के एएसआई रमेश रैकवार, आरक्षक राहुल रघुवंशी, आरक्षक हरिओम और एफआरबी चालक हेमराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है.**

मूरत के पिता लखन सिंह बेटे की तलाश में परेशान होकर बहुत रो रहे थे. उस समय पुलिस फरिश्ता बनकर आई और मूरत को 9 घंटे के अंदर ही ढूंढकर उसके पिता से मिलवा दिया.



पुलिस के इस सराहनीय कार्य की पूरे कस्बे में प्रशंसा हो रही है. सलामतपुर थाने के वार्ड नंबर 17 राताताई टोरिया क्षेत्र से सोमवार 12 बजे लखन सिंह जाटव का बेटा मूरत सिंह जाटव घर से बिना बताए लापता हो गया. बच्चा घर का रास्ता भटक गया था. जैसे ही जानकारी सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी को मिली तो उन्होंने तत्काल एएसआई रमेश रैकवार, आरक्षक राहुल रघुवंशी, हरिओम और एफआरबी चालक हरिओम को दी. पुलिस पूरी रात बच्चे को तलाशती रही. और काफी प्रयास के बाद बच्चा मंगलवार सुबह 9 बजे कस्बे में ही मिल गया. पुलिस ने बच्चों को उनके पिता लखन सिंह जाटव से मिलवा दिया.

### इनका कहना है.

मेरा 9 साल का बेटा देर रात 12 बजे घर से बिना बताए लापता हो गया था. उसकी तलाश में काफी परेशान था. पुलिस ने 9 घंटे के अंदर ही मेरे बेटे मूरत को सही सलामत मुझसे मिलवा दिया.

**लखन सिंह जाटव, टोरिया राताताई.**